प्रेस विज्ञप्ति -2

के एम सी भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने देखा चंद्रग्रहण

के एम सी भाषा विश्वविद्यालय के एस्ट्रोनॉमी क्लब के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश एमेच्योर एस्ट्रोनॉमर्स क्लब (UPAAC) के साथ मिलकर 08 नवम्बर के आंशिक चंद्रग्रहण को करीब से देखा। क्लब समन्वयक सुभान राज ने बताया की यह इस साल का आखिरी चंद्र ग्रहण था। उत्तर प्रदेश एमेच्योर एस्ट्रोनॉमर्स क्लब एवं इंदिरा गाँधी नक्षत्रशाला, लखनऊ ने गोमती तट पर सार्वजनिक अवलोकन हेतु 3 टेलिस्कोप लगाए थे , जिनमे से एक 10” डोबसनियन टेलिस्कोप का संचालन विश्वविद्यालय के छात्र साहिल अली , मोहम्मद ओवैस , प्रियांशु द्विवेदी, सुभान राज एवं अनिकेत प्रभाकर ने वरिष्ठ सदस्य होज़ैफ़ा शकील और सुमित श्रीवास्तव, वैज्ञानिक अधिकारी, इंदिरा गाँधी नक्षत्रशाला की देख-रेख में किया जिससे जनता को चंद्रग्रहण, चन्द्रमा, बृहस्पति तथा शनि आदि खगोलीय पिंड दिखाए गए।

विद्यार्थियों के साथ-साथ विवि के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के निदेशक प्रो. एस.के. त्रिवदी, निधि सोनकर, शान-ए-फ़ातिमा, डॉ. ममता शुक्ला, डॉ. नदीम अंसारी आदि भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। क्लब के बाकि सदस्यों में वैष्णवी मिश्रा , पिंकी गौड़ , स्वप्निल गौड़, शाहबाज़ अहमद , इरशाद खान, सुहैल इत्यादि उपस्थित रहे।

डॉ तनु डंग

मीडिया प्रभारी

केएमसी भाषा विश्वविद्यालय